प्रादेशिक समाचार
07.01.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखण्ड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक होगा आहूत, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न, नौ प्रस्तावों को मिली मंजूरी।

2. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में हजारीबाग में दिशा की बैठक हुई संपन्न, केंद्र सरकार की योजनाओं की गई समीक्षा।

3. एचएमपीवी वायरस को लेकर राज्य सरकार अलर्ट मोड पर, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफ़ान अंसारी ने केंद्र के गाइडलाइन को पालन करने के दिए निर्देश, कहा–स्वास्थ्य विभाग एचएमपीवी वायरस से निपटने के लिए है तैयार।

4. राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव के समापन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हुए शामिल, खादी और ग्रामोद्योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने किया आग्रह।

5. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र सरकार का आधिकारिक कैलेंडर किया जारी, कहा–कैलेंडर सरकार के आदर्श सबका साथ, सबका विकास के अनुरूप।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्यमंत्रिपरिशद की बैठक आज संपन्न हुई। इस बैठक में 9 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। झारखण्ड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक आहूत करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके आलावा अन्य प्रस्ताव में स्कूली साक्षरता विभाग के 465 पहले से सृजित पदों पर बहाली की जाएगी। देवघर में स्तिथ एम्स को राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर संचालित करने का प्रस्ताव पारित किया जायेगा। इस संबंध में मंत्रिमंडलीय सचीव वंदना डाडेल ने प्रेस वार्ता में पारित प्रस्तावों की जानकारी दी।

********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं का लाभ सही लाभुक तक पहुँचाने के निर्देश दिए।
बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज यादव, विधायक अमित यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला अधिकारी उपस्थित थे।

********************

देश में एचएमपीवी वायरस के कुछ मामलों के पुष्टि होने के बाद राज्य सरकार इसे लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचएमपीवी से संबंधित गाइडलाइन जारी कर दी गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज प्रेसवार्ता कर कहा कि राज्यवासियों को एचएमपीवी वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है, वायरस से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में वायरस से प्रभावित कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार केंद्र द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करेगी।
इस सिलसिले में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी सिविल सर्जन के साथ ऑनलाइन बैठक की और इस वायरस से बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया।

********************

इधर, एचएमपीवी के संभावित खतरे को देखते हुए पलामू के स्वास्थ्य विभाग ने वायरस से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि यह वायरस जानलेवा नहीं है और सतर्क रह कर इससे बचा जा सकते है।

********************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज राज्य में चल रहे सड़क प्रोजेक्ट के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी उपायुक्तों को इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर दूर करने का निर्दो दिया। इस समीक्षा बैठक के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव श्री चंद्रशेखर समेत एनएचएआइ, वन विभाग आदि के अधिकारी भी मौजूद थे।

********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव आज संपन्न हो गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि आज समापन समारोह में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

********************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेल भवन में केंद्र सरकार का आधिकारिक कैलेंडर जारी किया। इस वर्ष के कैलेंडर का विषय जन भागीदारी से जन कल्याण है। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि कैलेंडर सरकार के आदर्श वाक्य सबका साथ, सबका विकास के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पृष्ठ प्रौद्योगिकी, किसान और कृषि, गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे, स्वच्छ भारत के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य के साथ–साथ खेल और एथलीटों सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों पर सरकार द्वारा छोड़े गए अमिट प्रभाव को उजागर करता है।

********************

रामगढ़ जिले के किसानों को परंपरागत कृषि पद्धति की जगह आधुनिक वैज्ञानिक ढंग से कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

********************

गिरिडीह जिले की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड बिहार के कुख्यात सीपीआई माओवादी नक्सली तालों मरांडी को भेलवाघाटी थाना पुलिस और एसएसबी की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। गिरिडीह एसपी विमल कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि तालों मरांडी का आपराधिक इतिहास रहा है। साथ ही विस्फोटक रखने और लेवी वसूलने के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। इस गिरफ्तारी से नक्सल अपराध में कमी आएगी।

********समाप्त************